# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-02.02.2025**

**थाना आदर्श मण्डी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत नवयुवक की हत्या करने की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल 02 अभियुक्त गिरफ्तार एवं निशादेही पर मृतक की साइकिल व मोबाइल फोन बरामद:-**

ज्ञात हो दिनांक 31.01.2025 को श्री धर्मेन्द्र कुमार पुत्र भुल्लन सिंह रोहिला निवासी नई बस्ती माजरा रोड थाना आदर्श मण्डी शामली द्वारा अपने पुत्र कमल उम्र करीब 15 वर्ष के गुमशुदा होने के सम्बन्ध में थाना आदर्श मण्डी पर तहरीर दी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना आदर्श मण्डी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा गुमशुदा की बरामदगी हेतु 03 टीमों का गठन किया गया था। गठित टीमों द्वारा गुमशुदा की तलाश हेतु प्रयास किये जा रहे थे। दिनांक 01.02.2025 को थाना आदर्श मण्डी पुलिस द्वारा मृतक कमल का शव भनेडा उद्दा नहर पुल से गन्देवडा पुल की ओर नहर पटरी के किनारे जंगल ग्राम मानकपुर से बरामद किया गया था। शव की शिनाख्त मृतक के परिजनों द्वारा की गयी थी। घटना के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में संलिप्त अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना आदर्श मण्डी व गठित टीमों को निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में दिनांक 01.02.2025 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे वांछित/हत्या में लिप्त अपरधियों की गिरफ्तारी एवं उपरोक्त घटना मे वांछित अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना आदर्श मण्डी पुलिस द्वारा गुमशुदा नवयुवक कमल की हत्या करने के मामले में 02 अभियुक्तों 1.मंजीत पुत्र मदन निवासी ग्राम मुण्डेट कला थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली व 2.हर्ष पुत्र सुरेन्द्र निवासी मौहल्ला चौधरी चरण सिंह कालोनी थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अभियुक्तों की निशादेही पर मृतक कमल की साइकिल व एक वीवो मोबाईल फोन व 01 आधार कार्ड भी बरामद हुआ है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्श मण्डी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। घटना में शामिल गिरफ्तारी हेतु शेष अभियुक्त तुषार पुत्र सतीश निवासी मौहल्ला दयानन्द नगर थाना कोतवाली शामली की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगी हुयी हैं शीघ्र ही अभियुक्त की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

**घटना का उद्देश्य:** घटना में गिरफ्तार अभियुक्तगण मंजीत व हर्ष ने कमल की हत्या का जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि मंजीत का एक लडकी से प्रेम-प्रसंग चल रहा था जो बाद में कमल से भी बात करने लगी थी। मृतक कमल व मंजीत ने प्रेमिका को लेकर एक दूसरे को रास्ते से हट जाने की धमकी दी थी लेकिन मृतक नहीं माना तथा हर्ष के साथ मारपीट कर दी थी। दिनांक 30.01.2025 को मंजीत की बहन के जन्मदिन पर हर्ष भी मंजीत के घर गया था। इसी दौरान हर्ष ने कमल को मंजीत की प्रेमिका के घर से निकलते हुए देखा तो पास में ही खाली प्लाट में कमल को रोक लिया। हर्ष ने मंजीत व तुषार को भी मौके पर बुला लिया। फिर ये तीनों कमल को बातचीत करते हुए अपने साथ मुण्डेट से करनाल जाने वाले बाईपास वाले रास्ते पर ले गये तथा उसके साथ मारपीट कर उसका सिर दीवार में मार दिया जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। तत्पश्चात उसके शव, साइकिल व मोबाइल फोन को पुलिया के पास ही छिपा दिया था। शक न हो इसलिये अभियुक्तगण वापस आकर मृतक कमल के परिवारीजन के साथ मिलकर उसकी तलाश करने का दिखावा करने लगे। रात्रि करीब 02.00 बजे मृतक के शव को स्कूटी पर रखकर गन्देवडा की तरफ ले गये एवं शव की पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव को पेट्रोल डालकर जला दिया था। **अभियुक्तगण द्वारा उनके साथी**

**मंजीत की प्रेमिका से मृतक के प्रेम प्रसंग एवं हर्ष के साथ कमल द्वारा की गयी मारपीट का बदला लेने के उद्देश्य से कमल की हत्या की गयी है।**

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-</u>**

1.मंजीत पुत्र मदन निवासी ग्राम मुण्डेट कला थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

2.हर्ष पुत्र सुरेन्द्र निवासी मौहल्ला चौधरी चरण सिंह कालोनी थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

**<u>बरामदगी का विवरण:-</u>**

1.मृतक की साइकिल।

2.मृतक का एक वीवो मोबाईल फोन।

3.एक आधार कार्ड।

**<u>गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1.निरीक्षक श्री सचिन शर्मा प्रभारी थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

2.व0उ0नि0 संदीप कुमार थाना थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

3.उ0नि0 प्रेमपाल सिंह थाना थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

4.उ0नि0 विनय कुमार थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

5.है0का0 विकास थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

6.है0का0 विनीत कुमार थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।



**<u>थाना झिंझाना पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 12 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-</u>**

आज दिनांक 02.02.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 12 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-</u>**

1.शहजाद उर्फ काला पुत्र लिल्ला उर्फ अलीहसन निवासी ग्राम बल्हैडा थाना झिंझाना जनपद शामली।

2.रवि पुत्र राजू उर्फ राजकरण निवासी ग्राम अहमदगढ थाना झिंझाना जनपद शामली।

3.राजेन्द्र पुत्र फेरू निवासी ग्राम खानपुर कलां थाना झिंझाना जनपद शामली।

4.विकास पुत्र प्रकाश निवासी ग्राम डेरा भागीरथ थाना झिंझाना जनपद शामली।

5.राजीव पुत्र ब्रह्म सिंह निवासी ग्राम जमालपुर थाना झिंझाना जनपद शामली।

6.गय्यूर पुत्र लिल्ला उर्फ अलीहसन निवासी ग्राम बल्हैडा थाना झिंझाना जनपद शामली।

7.संजीव उर्फ काला पुत्र कुबाडी निवासी ग्राम बानीपुर थाना झिंझाना जनपद शामली।

8.राशिद पुत्र फैज निवासी हरिजन मंदिर के सामने चौकी चौसाना थाना झिंझाना जनपद शामली।

9.शमसाद पुत्र बसीर निवासी ग्राम चौसाना थाना झिंझाना जनपद शामली।

10.सहेन्द्र सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम सापला थाना झिंझाना जनपद शामली।

11.ललित पुत्र विरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम सांपला थाना झिंझाना जनपद शामली।

12.विरेन्द्र सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम सांपला थाना झिंझाना जनपद शामली।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1. उ0नि0 श्री सचिन कुमार प्रभारी चौकी चौसाना थाना झिंझाना जनपद शामली।

2.उ0नि0 श्री जितेन्द्र त्यागी थाना झिंझाना जनपद शामली।

3.उ0नि0 श्री सतीश सिंह थाना झिंझाना जनपद शामली।

4.उ0नि0 श्री ओमवीर सिंह थाना झिंझाना जनपद शामली।

5.उ0नि0 श्री राघवेन्द्र सिंह थाना झिंझाना जनपद शामली।

6.उ0नि0 श्री राकेश कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।

7.है0का0 153 अशोक कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।

8.है0का0 612 विपिन पाठक थाना झिंझाना जनपद शामली।

9.है0का0 431 योगेन्द्र कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।







**<u>थाना कोतवाली शामली/थानाभवन पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 03 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त/अभियुक्ता गिरफ्तारः-</u>**

आज दिनांक 02.02.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली/थानाभवन पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 03 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त/अभियुक्ता को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण:-</u>**

1.अहसान पुत्र इस्राईल निवासी मौहल्ला आजाद चौक थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ।

2.संदीप पुत्र ओमपाल निवासी ग्राम अलीपुर खुर्द थाना थानाभवन जनपद शामली ।

3.ज्योति सिंह पुत्री रामचन्दर निवासी आर्यपुरा सब्जी मण्डी दिल्ली ।



**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामदः-**

आज दिनांक 02.02.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए गये अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.रमेश पुत्र सीताराम निवासी ग्राम नयागाव थाना झिंझाना जनपद शामली।

2.दीपक पुत्र जयकुमार निवासी ग्राम नयागाव  थाना झिंझाना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 10 लीटर कच्ची शराब।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री अशोक कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।

2.उ0नि0 श्री नरेश कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।

3.उ0नि0 श्री शिवबहादुर चौकी चौसाना थाना झिंझाना जनपद शामली।



**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**